# THE GREAT INDIA SCHOOL™

## RAIPUR, CHHATTISGARH

**AN ENGLISH MEDIUM CO-EDUCATIONAL, SENIOR SECONDARY RESIDENTIAL SCHOOL**

(Run by Holy Hearts Educational Academy, Raipur)

**AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI, AFFILIATION NO. 3330245**




# शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र प्रेम की महक वाला स्कूल

बड़ी इमारतों और आधुनिक सुविधाओं से एक स्कूल तो बन जाता है, मगर आज जरूरत है जिंदगी का पाठ पढ़ाने वाली ऐसी क्लास रूम की जहां बच्चों पर पढ़ने का दबाव नहीं बल्कि सीखने की ललक पर फोकस हो। जहां टीचर्स दोस्त हों, जहां अनुशासन स्टूडेंट्स मन से मानें, डांट से नहीं, जहां मार्कशीट के अंकों से ज्यादा काबिलियत के नंबर्स बढ़ाने पर जोर दिया जाए। जहां किताबी ज्ञान से हटकर कुछ नया सीखने और समझने को मिले। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक ऐसा ही स्कूल इन्हीं सोच के साथ तैयार किया गया है। इस स्कूल का नाम है द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस)।

# THE GREAT INDIA SCHOOL®

www.tgisraipur.com

द ग्रेट इंडिया स्कूल टीजीआईएस डे बोर्डिंग और बोर्डिंग स्कूल है। 35 एकड़ के विशाल, शांत और प्रकृति के करीब बसे परिसर में इस स्कूल को तैयार किया गया है। इसकी ईमारत में लगी हर ईंट में अनुशासन और विनम्रता की संस्कृति है। यहां स्टूडेंट्स में  अखंडता, दया, दृढ़ संकल्प, विनम्रता और साहस के मूल्यों को विकसित किया जाता है।

द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस) की क्लासेस में हर बच्चे को स्वयं सोचने और हर जिज्ञासा को शांत करने में टीचर्स मदद करते हैं। द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस) इस बात को गंभीरता से महसूस करता है कि स्टूडेंट्स देश का भविष्य होते हैं, यहां हर बच्चे में उसकी क्षमताओं को बेहतर करते हुए उसे तराशा जा रहा है ताकि न सिर्फ वो एक मजबूत कैरियर हासिल कर सके बल्कि देश की रक्षा, सम्मान में अपना योगदान दे सके। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक ऐसा ही स्कूल इन्हीं सोच के साथ तैयार किया गया है। इस स्कूल का नाम है द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस)। ये सिर्फ स्कूल नहीं हैं बल्कि एक ऐसा अभियान है जहां बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ उन्हें, अपनी जड़ों से जुड़ना सिखाया जाता है। किताबों की शिक्षा के साथ, व्यवहारिक संस्कारों पर भी ध्यान दिया जाता है।

द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस) में सिर्फ कैरियर की कामयाबी नहीं बल्कि इस बात पर भी ध्यान दिया जाता है कि यहां पढ़ने वाला हर बच्चा राष्ट्र का एक जिम्मेदार और जागरुक नागरिक बन सके।







**आचार्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह**
संस्थापक / चेयरमैन
द ग्रेट इंडिया स्कूल



**सिद्धार्थ पी. सिंह**
निदेशक
द ग्रेट इंडिया स्कूल



THE GREAT INDIA SCHOOL®

www.tgisraipur.com

# महान हस्तियों के नाम पर लैब और लायब्रेरी ताकि स्टूडेंट्स भी उन जैसा कुछ करें



द ग्रेट इंडिया स्कूल की कोशिश है कि सिर्फ पढ़ाई नहीं, स्टूडेंट्स में कुछ ऐसा करने की प्रेरणा दे सके कि समाज उन्हें हमेशा याद रखे। यहां हर लैब देश के वैज्ञानिकों और सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स के नाम पर रखी गई है। उनके बारे में जानकारी है कि कैसे उन्होंने इतिहास दर्ज किया। ये तस्वीरें भी बच्चों को प्रेरित करती हैं।

**हर गोबिंद खुराना बायोलॉजी लैब**

टीजीआईएस में बायोलॉजी लैब हर गोबिंद खुराना को समर्पित है जो डीएनए क्रांति के पीछे महान भारतीय थे।

**सर सी.वी. रमन भौतिकी प्रयोगशाला**

यह टीजीआईएस में मुख्य भौतिकी प्रयोगशाला है, यह सीबीएसई द्वारा डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम के अनुसार सभी भौतिकी के प्रयोगों को संचालित करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित लैब है। यहां रात में आसमान को देखने के लिए बोर्डर्स को सेलेस्ट्रॉन टेलीस्कोप भी है।



**रामनाथन वी गुहा आईटी लैब**

टीजीआईएस आईटी लैब का नाम महान भारतीय कंप्यूटर वैज्ञानिक के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इंटरनेट में क्रांति लाने में मदद की।

**बौधायन विज्ञान प्रयोगशाला**

विज्ञान प्रयोगशाला का नाम महान भारतीय वैज्ञानिक बौधायन के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने बौधायन सूत्र लिखे थे।

**राजा रवि वर्मा कला हॉल**

कला और शिल्प सेंटर का नाम महान भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा के नाम पर रखा गया है। यहां स्टूडेंट्स अपने भीतर के हुनर को निखारने का काम करते हैं।

**उस्ताद बिस्मिल्लाह खान संगीत कक्ष**

टीजीआईएस के संगीत कक्ष का नाम महान भारतीय शहनाई वादक के नाम पर रखा गया है। यहां कीबोर्ड, गिटार, तबला, ड्रम और कुछ विदेशी वाद्य यंत्रों के अलावा भारतीय शास्त्रीय संगीत के वाद्य भी हैं।

**स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय**

यहां लायब्रेरी महान स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। यहां हर विषय पर 4000 से अधिक किताबें हैं जिनमें छुपा है स्टूडेंट्स के हर सवाल का जवाब।

# लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ सीखते हैं बच्चे



**स्मार्ट क्लास:** द ग्रेट इंडिया स्कूल में हर क्लास टाटा क्लास एज स्मार्ट क्लास सिस्टम से लैस है। किताबों के पाठ यहां टीचर्स विजुअल इफेक्ट के साथ बच्चों को बताते हैं।

**मैथ्स लैब:** टीजीआईएस ने फनटूट के साथ करार किया है, गणित जैसे सब्जेक्ट को आसान और बच्चों के लिए बेहद इंटरेक्टिव बनाया गया है। द ग्रेट इंडिया स्कूल में बच्चे गणित से प्यार करते हैं और अनुभवी टीचर्स के सिखाने के अनोखे तरीकों से सीखते हैं।

**सुरक्षा का ध्यान :** द ग्रेट इंडिया स्कूल में पूरा कैंपस दर्जनों सीसीटीवी कैमरों से लैस है। पूरे स्कूल और हॉस्टल एरिया में इंटर कॉम की सुविधा है। सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। सुरक्षित घेरे में कैंपस तैयार किया गया है।

**इंटरनेशनल एजेंसियों के प्रोग्राम :** द ग्रेट इंडिया स्कूल में कई इंटरनेशनल एजेंसियों के साथ टाइ अप किया गया है। वर्ल्ड लेवल के लर्निंग प्रोग्राम स्कूल में चलाए जाते हैं, पुराने तरीकों के अलावा यहां बच्चे उस तकनीक से भी पढ़ते और सीखते हैं जिससे विश्व के कई देशों के बच्चे। यहां टीचर्स को ब्रिटिश काउंसिल जैसी संस्थाएं ट्रेंड करती हैं। योग और कम्यूनिकेशन स्किल को बेहतर करने के लिए भी कई तरह के प्रोग्राम बच्चों के लिए संचालित हैं।

## दिलों में राष्ट्र प्रेम और बेहतर करियर की जिम्मेदारी वाला इकलौता स्कूल

द ग्रेट इंडिया स्कूल (टीजीआईएस) को ग्रेट बनाता है इसका एक विजन जो आज तक किसी शैक्षणिक संस्थान ने नहीं सोचा। बच्चों में राष्ट्र प्रेम और देश के प्रति ऐसी भावना जगाना जिससे उसके अंदर भारत के लिए कुछ करने का साहस पैदा हो। ये छत्तीसगढ़ का एक मात्र ऐसा स्कूल है जहां भारतीय सेना, पैरा मिलिट्री फोर्सेस के शहीदों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का बीड़ा उठाया जाता है। इस कार्यक्रम की सराहना देश के कई राज्यों के राज्यपाल भी कर चुके हैं। इस स्कूल की हर दीवार पर देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में शहीद हुए वीरों की तस्वीरें हैं। उनके अभियान और योगदान की जानकारी दी गई है। क्लासरूम का गलियारा इसी तरह के किस्सों और तस्वीरों से सजाया गया है, जो हर वक्त बच्चों को देश के लिए कुछ करने को प्रेरित करते हैं। इसीलिए इसे दिलों में राष्ट्र प्रेम और दिमाग में बेहतर कैरियर बनाने के भाव पैदा करने वाला इकलौता स्कूल कहा जाता है।



THE GREAT INDIA SCHOOL®

www.tgisraipur.com

## जिंदगी की मुश्किलों से जीतना सिखाते हैं खेल



द ग्रेट इंडिया स्कूल में स्टूडेंट्स के बीच स्पोर्ट्समैन स्पिरिट का भाव जगाने पर भी फोकस किया जाता है। स्पोर्ट्स यहां सिर्फ फिटनेस के लिए नहीं बल्कि पर्सनैल्टी को बेहतर बनाने का जरिया है। जब खेल के मैदान में हार–जीत स्वीकारना आ जाए तो इंसान जिंदगी की मुश्किलों पर भी काबू पा सकता है। 7 एकड़ का इलाका खेलों को समर्पित है। यहां 6 एकड़ का बड़ा मैदान है जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और रोड साइक्लिंग जैसे खेल खेले जा सकते हैं।

**हेल्थ और वेलनेस सेंटर**

इस सेंटर में सेमी ओलंपिक स्विमिंग पूल, जिम, 7,500 वर्ग फुट का योग स्टूडियो है । ये स्टूडेंट्स के स्ट्रेस लेवल को कम करता है और माइंड शार्प बनाने में मदद करता है। यहां हर स्टूडेंट के लिए स्वीमिंग करना अनिवार्य है।

इन सबके अलावा यहां बास्केटबॉल कोर्ट, एक वॉलीबॉल कोर्ट, 8 इनडोर बैडमिंटन कोर्ट और एक टेनिस कोर्ट हैं। साइकिलिंग ट्रैक भी बनाया गया है।

5000 वर्ग फुट में एक ऑडिटोरियम भी बनाया गया है जहां स्टूडेंट्स, स्पीच दे सकते हैं, नाटक डांस जैसी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।



## स्कूल में ही है खेत, जहां से आती है सब्जियां, फल, गाय का शुद्ध दूध गौशाला से




द ग्रेट इंडिया स्कूल यूं ही अनूठा नहीं है बल्कि इसे अनोखा बनाती है यहां के बच्चों के लिए मौजूद हर छोटी से छोटी सुविधा देने की सोच। साफ हवा और खुले आसमान के बीच बने कैंपस में बच्चों के रहने का बेहतर इंतजाम है। स्कूल में ही एक हिस्सा खेत का है। यहां सब्जियां और फल लगे हैं। चावल की खेती भी होती है। यहां रहने वाले बच्चों को इसी खेत से तोड़ी गई ताजी सब्जियां खाने में दी जाती है। पूरी तरह से वेजिटेरियन खाना बनता है।



मेस में मिलने वाले खाने में मां के हाथ के स्वाद के साथ डायटिशिन की गाइडेंस के साथ इस बात का ख्याल भी रखा जाता है कि बच्चों की थाली पोषण और जायके से सजे। खाने में रोटी, दो तरह की सब्जी, ग्रीन सलाद और डेजर्ट होता है। खास बात ये है कि हर रोज अलग–अलग डिशेज बनती हैं। स्कूल में गौशाला भी है यहां अनेक गाय हैं, यहां गाय का शुद्ध दूध सुबह और शाम निकाला जाता है। यही दूध बादाम के साथ स्टूडेंट्स को पीने के लिए दिया जाता है।

## हॉस्टल में घर की तरह सुविधाएं, छोटी बच्चियों का माँ की तरह ख्याल रखती हैं वार्डन



द ग्रेट इंडिया स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए रहने की बेहतरीन व्यवस्था है। हॉस्टल में सभी के लिए पर्सनल बेड हैं, स्टडी टेबल भी। दोस्तों के साथ स्टूडेंट्स यहां वक्त बिताते हैं। हर हॉस्टल में वार्डन और कर्मचारी बच्चों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखते हैं। बच्चों के लिए लॉन्ड्री की सुविधा है। यहां छोटी बच्चियां भी रहती हैं, जिनका विशेष ध्यान रखने के लिए महिला वार्डन हर वक्त उपलब्ध रहती है।



School Address : The Great India School™ Srinathpuram, Godhi Village, Navagaon-Bhansoj Road, Mandir Hasaud, Raipur (C.G.)